हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 14 नवंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने फरीदाबाद स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब में नौवीं पातशाही के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष समारोह में शिरकत की।

इस अवसर पर श्री मनोहर लाल ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब का बलिदान मानवता, धर्म और राष्ट्र की रक्षा का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने बताया कि “हिंद की चादर यात्रा” का उद्देश्य गुरु साहिब की शिक्षाओं — साहस, त्याग, समभाव और सत्य — को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं।

गुरुद्वारे में विशेष कीर्तन दरबार, शब्द-गायन और सामूहिक अरदास का आयोजन किया गया।

अरदास के उपरांत गुरुद्वारा से “हिंद की चादर यात्रा” का विधिवत शुभारंभ किया गया।

यात्रा विभिन्न सेक्टरों और मार्गों से होकर आगे बढ़ी, जिससे शहरवासियों को गुरु साहिब के सार्वभौमिक संदेश से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल, महापौर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य रविंद्र सिंह राणा सहित

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, सेवादारों और महिला शक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भारतीय गेहूं एवं जौं अनुसंधान संस्थान करनाल ने करीब 37 सालों के बाद छिलका रहित जौ की नई किस्म तैयार की है। छिलका रहित जौ की इस किस्म के सभी परीक्षण सफल रहे है।

संस्थान के निदेशक डॉ रतन तिवारी ने बताया कि देश में 1989 में छिलका रहित जौं की एक किस्म इज़ाद हुई थी। उसके बाद वैज्ञानिकों ने अब यह नई किस्म तैयार की है।

उन्होंने बताया कि जौं की इस किस्म की चपाती, पूड़ी, दलिया तो स्वादिष्ट होगा ही, साथ ही इसमें कई औषधीय गुण भी होंगे, जो मधुमेह, बढ़े कोलेस्ट्रॉल, हृदय और लीवर रोगों के निदान में बेहद फायदेमंद साबित होंगे। साथ ही इसके सेवन से गुर्दे में पथरी बनने की संभावना भी कम रहेंगी।

उन्होंने कहा कि औषधीय गुणों से भरपूर होने के कारण इसकी खेती किसानों के लिए लाभदायक है। इसके अलावा बाजार में इसका दाम भी अधिक मिलता है।

इस नई किस्म को हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में खेती के लिए जारी किया गया है।

हरियाणा के सभी राजकीय विद्यालयों कल से प्रातः साढ़े नौ बजे खुलेंगे।

शिक्षा निदेशालय, द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजकीय विद्यालयों का समय साढ़े 9 बजे से साढ़े 3 तक रहेगा।

वहीं दोहरी पारी वाले विद्यालयों में सुबह की पारी का समय सुबह 7 बजकर 55 मिनट से लेकर दोपहर साढ़े 12 बजे तथा दोपहर की पारी का समय 12 बजकर 40 मिनट से सायं 5 बजकर 15 मिनट तक रहेगा।

पंजाब के कुछ संगठनो के सदस्यों द्वारा शम्भू बार्डर पर एकत्रित होकर अपनी मांगो के लिए दिल्ली कूच की आह्वान के मद्देनजर अम्बाला से राजपुरा पंजाब मार्ग पर यातायात का आवागमन प्रभावित होने की सूरत में आम नागरिकों के लिए यातायात प्रबन्ध व रूट बदले गए हैं।

दिल्ली से राजपुरा, पटियाला, लुधियाना, जालन्धर, अमृतसर इत्यादि पंजाब में जाने वाले वाहन जग्गी सिटी सैन्टर के सामने अम्बाला चण्डीगढ़ रोड पर बाई तरफ से लालड़ू होते हुए पटियाला,लुधियाना, जालंधर और अमृतसर जा सकते है।152-डी मार्ग से हिसार, कैथल से अम्बाला के रास्ते शम्भू बार्डर से पंजाब जाने वाले वाहन चण्डीगढ़ के रास्ते से लालड़ू, राजपुरा , पटियाला→ लुधियाना→जालन्धर→ अमृतसर जा सकते है। वाहन चालक बन्द रास्तों को छोड़कर वैकल्पिक रास्तों का भी इस्तेमाल कर सकते है।

लोग किसी भी असहज परिस्थिति में डायल 112 पर सम्पर्क करके सहायता प्राप्त कर सकते है।

----

36 वीं अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता आज संपन्न हो गई। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में महाराष्ट्र ने कर्नाटक को 17 अंकों के अंतर से हराकर ट्राफी जीत ली। महाराष्ट्र को इस मैच में 41 और कर्नाटक को 17 अंक मिले। डाक सेवाओं के महानिदेशक जितेंद्र गुप्ता ने पुरस्कार वितरण व समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विजेता टीमों और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पदक देकर सम्मानित किया।

जींद के अर्जुन स्टेडियम में आज से 16 नवंबर तक श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वे शहीदी दिवस को समर्पित बाबा बंदा सिंह बहादुर जी की याद में 79 वां वार्षिक दीवान सजाया गया है।

बाबा बंदा सिंह बहादुर समिति के अध्यक्ष जगदीश आहूजा ने मीडिया को बताया कि 16 तारीख को दीवान में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ,केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल,विधानसभा उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिड्ढा एवं दिल्ली सरकार में मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा शिरकत करेंगे।
दीवान में वर्तमान गद्दीनशीन डेरा बाबा बंदा बहादुर रियासी कश्मीर बाबा जतिंदर पाल सिंह सोढ़ी भी मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम में एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया है।